प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में डालेंगे 20 हजार करोड़ रुपए।
2. टेंडर कमीशन घोटाले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 29 जून तक बढ़ी।
3. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा–केंद्रीय योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का चलेगा महाअभियान।
4. पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक हीट वेव से राहत नहीं, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

*******************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में करीब 20 हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। इस मौके पर वे किसानों से संवाद भी करेंगे। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि 18 जून को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि वे अधिकारियों के साथ किसानों के कल्याण से संबंधित हर महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा और काम कर रहे हैं।

*******************

पीएमएलए की विशेष अदालत ने टेंडर घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल और निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि चौदह दिनों के लिए बढ़ा दी है। अब अदालत में इनकी पेशी 29 नवंबर को होगी। इससे पहले आज इन सभी की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी हुई।

*******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ईडी की समन अवहेलना मामले में आज एमपी–एमएलए की विशेष अदालत में पेश नहीं हुए। ऐसे में ईडी के द्वारा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए प्रोडक्शन आवेदन कोर्ट में दिया गया है। ईडी के इस आवेदन पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। ईडी ने जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री को दस समन जारी किया था, लेकिन वे सिर्फ दो समन पर ही हाजिर हुए थे। इस वजह से ईडी ने समन अवहेलना को लेकर कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन कल जमशेदपुर के मानगो में फ्लाईओवर का शिलान्यास करेंगे। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर के निर्माण पर दो सौ बावन करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं, एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय हो फिल्म फेस्टिवल का भी मुख्यमंत्री उद्घाटन करेंगे। सरायकेला–जमशेदपुर में कई और कार्यक्रमों में भी वे शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के जमशेदपुर दौरे को देखते हुए तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

*******************

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक उन्नीस जून को झारखंड मंत्रालय में होगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

*******************

गिरिडीह जिले में उनतीस जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन होगा। इस सिलसिले में प्रधान जिला जज मनोज कुमार, उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने आज संवाददाताओं को इसकी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने लंबित मामलों का निपटारा कराने के लिए आवेदन करें।

*******************

हजारीबाग में अनियमित बिजली आपूर्ति और लोड शेडिंग को लेकर सांसद मनीष जायसावल ने आज बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को बिजली कटौती रोकने, नियमित बिजली आपूर्ति और बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधन को लेकर कई निर्देश दिए।

*******************

कोडरमा जिला के झुमरी तिलैया में नई जलापूर्ति योजना शुरू होने से पेयजल संकट से निजात मिलने की उम्मीद है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का आज सरायकेला–खरसांवा जिले के ईचागढ़ के रंगामाटी और अन्य इलाकों में भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने लोकसभा के लिए निर्वाचित होने पर जनता का आभार जताया। श्री सेठ ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचानने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए महाअभियान चलाया जाएगा और लोगों को सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी जाएगी।

*******************

लोहरदगा में ईद–उल–अजहा के दौरान शांति–व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने आज शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने–अपने क्षेत्र में सतर्क रहने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विधि–व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

*******************

सिमडेगा जिले में इस वर्ष 10वीं और 12 वीं बोर्ड में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आज करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी भी मौजूद थे।

*******************

रांची जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में पुलिस ने छापेमारी कर ऑनलाइन गेम के माध्यम से ठगी करने वले चार अपराधियों को आज गिरफ्तार किया। इन अपराधियों के पास से एक लैपटॉप, पच्चीस एटीएम कार्ड, बाइस मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड, सात चेकबुक और चौबीस बैंक पासबुक मिला है। वहीं रांची पुलिस ने चेन स्नेचर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

*******************

कोडरमा जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। ग्यारह जून को एक वाहन की हुई चोरी मामले में गठित पुलिस की विशेष टीम ने बिहार के वैशाली के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरोह वाहनों का पार्ट्स अलग–अलग कर बेचने का भी काम करता था। उधर, रामगढ़ जिले की रजरप्पा थाना पुलिस ने चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। चोरों की निशानदेही पर चोरी के कई सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं। वहीं, देवघर जिले के नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के खिलाफ छिनतई के कई मामले थानों में दर्ज हैं।

*******************

राज्य के पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि राज्य के कुछ हिस्सों में इस दौरान तेज हवा के साथ हल्की बारिश और वज्रपात हो सकता है। वहीं झारखंड में बीस जून के आसपास मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। ऐसे में इससे पहले गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- हजारीबाग जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में इस महीने की अठारह से पच्चीस तारीख तक मादक और नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बच्चों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान से अवगत कराया जाएगा।
- सरायकेला–खरसांवा के उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में पांच आवेदनों पर विचार किया गया। उपायुक्त ने इन आवेदनों से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के सुंदरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लगभग साढ़े तीन किलोग्राम अवैध गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

*******************

आईसीसी टी–ट्वेटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का का मुकाबला कनाडा से होगा। मैच फ्लोरिडा में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे खेला जायेगा। इस मैच का सीधा प्रसारण आकाशवाणी के एफएम रेनबो नेटवर्क और अन्य चैनलों पर शाम साढ़े सात बजे से प्रसारित किया जायेगा। भारत अपने ग्रुप में सभी मैच जीतकर अंक तालिका में पहले स्थान पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बना ली है।

*********समाप्त*********